Regarding need to ensure full implementation of Peace Accords with different organizations in North-Eastern States- Laid

श्री दिलीप शइकीया **(दारंग-उदालगुड़ी) :** देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में शांति लाने के लिए केन्द्र सरकार ने वर्ष 2019 से अब तक विभिन्न सशस्त्र संगठनों के साथ 12 महत्वपूर्ण शांति समझौते किये हैं, जो इस क्षेत्र में स्थिरता की दिशा में एक बड़ी सफलता है । इन शांति समझौतों का ठोस प्रभाव पड़ा है और 11 हजार से ज्यादा युवा हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं । वर्ष 2014 से पूर्वोत्तर राज्यों में सुरक्षा स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुए है । वर्ष 2014 की तुलना में 2024 में उग्रवाद की घटनाओं में 74 प्रतिशत, सुरक्षा बलों की हताहतों में 70 प्रतिशत और नागरिकों की मृत्यु में 85 प्रतिशत की कमी आई है । माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में हमारी केंद्र सरकार ने अपने सक्रिय प्रयासों से पूर्वोत्तर क्षेत्र की जटिल समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये है । मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थायी शान्ति स्थापित करने के लिए विभिन्न सशस्त्र संगठनों के साथ किये गए शान्ति समझौतों का शत-प्रतिशत कार्यान्वन किया जाए ताकि इस क्षेत्र में दीर्घकालिक शांति एवं प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो सके ।